दिनांक 23.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/23 फरवरी 2018 को नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत शा.प्रा.शाला नेहरु नगर में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री केशव बंछोर एम.आई.सी शिक्षा नगर पालिक निगम भिलाई तथा श्री राम जी तिवारी,श्री वाय राजेन्द कुमार शिक्षा अधिकारी, पार्षद श्री चुम्मन देशमुख, श्री मूर्ति शर्मा, भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के श्री सुरेन्द्र गुप्ता, श्रीमती नीता गुप्ता, श्री प्रेम जी गुप्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री मनोज जैन, सचिव मधुर अग्रवाल, पत्रकार श्री सुरेन्द्र शर्मा, श्री इन्दर लाल चन्द्राकर ,मुख्य रुप से उपस्थित थे। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंग–बिरंगी पोषाके और पुरस्कार सामग्री श्री सुरेन्द्र गुप्ता द्वारा उपलब्ध करायी गई।

उक्त पाठशाला के विकास की जिम्मेदारी लेने वाली रोटरी क्लब भिलाई ने इस अवसर पर बच्चों के लिये बनाये गये नये मल्टीपल वॉस बेसिंग, ओवर हैड टैंक, और पाईप लाईन का कार्य पूर्ण किया तथा श्री आर.बी गुप्ता ने इस अवसर पर इस शाला को 01 सिलिंग फैन प्रदान किया, बच्चो ने बेहद आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी तथा अतिथियों ने साल भर लगातार उपस्थित रहने वाले एवं स्वच्छता सहित सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर शाला परिवार के प्रधान पाठिका श्रीमती संध्या पराते, श्री रविकांत साहू, श्री दिनेश वर्मा कोरियोग्राफर देविका और हशिंका यादव और पालकगण बडे संख्या में उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क विभाग

एक कदम स्वच्छता की ओर...

शासकीय प्राथमिक शाला
नेहरू नगर, पूर्व
जनभागीदारी समिति
आपका स्वागत करती है.